## महत्वपूर्ण एवं खास

### बस स्टैंड पर खुली तलवार लेकर घूम रहे युवक पर धरमजयगढ़ पुलिस ने की आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर बस स्टैंड के पास खुली तलवार लिए लोगों को भयभीत कर रहे युवक उत्तरा यादव पिता पुस्तम यादव उम्र 35 साल निवासी नरईटिकरा थाना धरमजयगढ़ को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिससे एक लोहे का तलवार जप्त किया गया है। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा आरोपी उत्तरा यादव के कृत्य पर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही का रिमांड पर भेजा गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 7 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कलमी क्रमांक 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिक/अनंतिम सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 7 जून 2023 को सायं 5 बजे तक लिखित में दावा-आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) में प्रस्तुत कर सकते है।

### बरमकेला दिव्यांग शिविर में 443 दिव्यांगजनों का हुआ जांच

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में आज बरमकेला के मंगल भवन में समाज कल्याण और अन्य विभागों के सहयोग से आयोजित दिव्यांग शिविर में 443 दिव्यांगजनों का जांच हुआ। इन दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड विभाग द्वारा बनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी विनय तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत बरमकेला नीलाराम पटेल, तहसीलदार बरमकेला, सीएमओ जीवन यादव और माजिद खान उपस्थित थे। आगामी 2 जून को दिव्यांग शिविर बिलाईगढ़ में होगा।

### प्रेमिका से मिलने जा रहा था प्रेमी, घात लगाए बैठे आशिक ने उतारा मौत के घाट

**कोरबा(आरएनएस)।** कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी में दो दिन पूर्व हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. ये हत्या की वारदात एकतरफा प्यार के चलते हुई है. आरोपी ने एकतरफा प्यार में युवक पर धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। जानकारी के अनुसार, कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी गांव में एक युवक सुभाष देवांगन की लाश मिली थी. जिसके बाद पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी. जिसपर कटघोरा पुलिस ने संदेह के आधार पर बलराम साहू को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ करना शुरू की. पूछताछ के दौरान उसने अपना गुनाह कबूल किया की उसने ही सुभाष की हत्या की है.

### 5 लाख के गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जीआरपी पुलिस ने नशे के खिलाफ की बड़ी कारवाई की है। रेलवे पुलिस ने गांजा तस्करी करते हुए दिल्ली और चंडीगढ़ के अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 5 लाख रुपए कीमत का करीब 48 किलो गांजा जब्त किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में एक दिल्ली और दूसरा चंडीगढ़ रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि दोनों तस्करों को पुरी-एलटीटी सुपर फास्ट एक्सप्रेस की बी-6 बोगी में अवैध रूप से गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है।

# जैविक कीटनाशक ब्रह्मास्त्र से किसानों को मिलेगा महंगी रासायनिक दवाईयों से छुटकारा

- महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का केंद्र बनता गोठान
- जैविक कृषि के अग्रसर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही गोठान की महिलाएं
- गोबर बेच तपस्वनी ने अर्जित किए 1 लाख से अधिक की राशि, किया बेटे का धूमधाम से ब्याह
- जय सर्वेश्वरी समूह ने वर्मी कम्पोस्ट से कमाए 3 लाख तक राशि





**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा प्रारंभ किए गए गोठान विभिन्न प्रकार के नवाचार का केंद्र बनता जा रहा है और इन गतिविधियों के माध्यम से महिला समूह बाजार मांग की पूर्ति करते हुए आय प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप राज्य को जैविक खेती की ओर अग्रसर करने में आज महिला समूहों का महत्वपूर्ण योगदान है, जिनके माध्यम से आज गोठानो में कीट नियंत्रक ब्रह्मास्त्र एवं वृद्धि वर्धक जीवामृत बनाया जा रहा है। इससे किसानों को महंगी रासायनिक दवाइयों और कीटनाशकों से छुटकारा मिलेगा, साथ ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं महिला समूहों को रोजगार के नये अवसर पर भी प्राप्त हो रहे है।

ग्राम बनोरा गोठान की महिलाएं आज वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही अन्य नए गतिविधियों में बेहतर रुचि दिखा रही है, यही कारण है प्रशिक्षण के पश्चात तुलसी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने 1 हजार 934 लीटर जैव कीटनाशक एवं रोग नियंत्रण ब्रह्मास्त्र का उत्पादन कर चुकी है। जिसे विभिन्न विभागों एवं स्थानीय किसानों द्वारा खरीदी की जा चुकी है। समूह की जेमा सिदार बताती है, समूह में उत्साह है यही कारण है कि उन्होंने 1 हजार 934 लीटर का ब्रह्मास्त्र बना चुके है, अभी शुरुआती दौर और नये कार्य में थोड़ी बहुत समस्या जरूरी आयी लेकिन आगे सब आसान हो जाएगी। इसी प्रकार रेबारी सिदार एवं जसवंती मेहर ने बताया कि प्राप्त राशि को इसी गतिविधि को बढ़ाने के लिए लगाया जा रहा है, जिससे आगामी कृषि के समय में किसानों को मांग की पूर्ति कर सके। उन्होंने बताया कि घरेलू दैनिक कार्यों को करने के पश्चात बचे समय का सदुपयोग करते हुए महिलाएं गौठान में संचालित गतिविधियों से जुड़कर अच्छी आय अर्जित कर रही है। ज्ञात हो फसल कीट से छुटकारा एवं नियंत्रण के लिए जैविक ब्रह्मास्त्र का उपयोग किया जाता है, इसी प्रकार वृद्धि वर्धक के रूप में जीवामृत का उपयोग किया जाता है। जिससे जैविक रूप के बिना किसी रासायनिक दवाई का उपयोग के फसल को बचाया जा सकता है। जिससे जैविक फसल उत्पादन के साथ स्वास्थ्य को भी फायदा मिलेगा।

**जय सर्वेश्वरी समूह की महिलाओं ने 3 लाख से अधिक का विक्रय किया वर्मी कम्पोस्ट**

गोठान में सर्वेश्वरी सर्वेश्वरी समूह की महिलाओं ने बताया की वर्मी कंपोस्ट निर्माण से उनके समूह ने लगभग 3 लाख रुपये तक की राशि कमा चुके है। समूह की ममता नायक एवं प्रतिमा बताती है, खेती- किसानी के साथ अतिरिक्त आय के लिए गोठान की गतिविधियों में जुड़ी हैं, प्राप्त राशि का उपयोग बच्चों की शिक्षा एवं खेती किसानी में करेंगे।

**गोबर बेच तपस्वनी सिदार ने कमाए 1 लाख से अधिक, धूमधाम से किया बेटे की शादी**

ग्राम बनोरा निवासी तपस्विनी सिदार ने बताया कि गोबर बेच कर लगभग 1 लाख से अधिक की राशि प्राप्त हुई थी। जिससे उन्होंने जमा पूंजी और गोबर से प्राप्त राशि का उपयोग करते हुए बेटे की शादी धूमधाम से की। उन्होंने बताया कि पहले ग्रामीण महिलाओं के पास रोजी मजदूरी के अलावा आय का कोई साधन नहीं था। लेकिन आज शासन द्वारा गोठान का संचालन करने से विभिन्न गतिविधियों से महिलाओं के पास अतिरिक्त आय का जरिया मिला है, जो शासन की एक अच्छी पहल है।

## धरमजयगढ़ पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेट शेयर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थानाक्षेत्र के ग्राम आमापाली में रहने वाले शुभम सोनी पिता गणेश प्रसाद सोनी (21 साल) को छद्म नाम से बनाये गये आईडी से बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी कंटेट सोशल मीडिया पर अपलोड कर शेयर करने के अपराध में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा आईटी एक्ट की धारा 67(ख) में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

थाना धरमजयगढ़ को सायबर सेल रायगढ़ से सायबर टीप लाइन जांच के लिये प्राप्त हुआ था। विदित हो कि एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा सायबर टीप लाइन की जांच के लिये निरीक्षक आर.एस. नेताम को नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा एनसीआरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित धरमजयगढ़ थाने को प्राप्त सायबर टीप लाइन की जांच पर दिनांक 10-08-2022 को मोबाईल नंबर 787952XXXX के धारक शुभम सोनी द्वारा बच्चों से संबंधि अवांछनीय कंटेट शेयर करना पाये जाने से थाना धरमजयगढ़ के आईटी एक्ट के अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए धरमजयगढ़ स्टाफ के साथ रात्रि दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे आज आईटी एक्ट के अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## छिन्द गौठान में समूह की महिलाएं कर रही बहुआयामी कार्य

- रीपा अंतर्गत विविध कार्यों का हो रहा संचालन



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गावों में भी रोजगार के बहुआयामी केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से गावों में रीपा की शुरुआत की गई है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना-रीपा' के अंतर्गत सभी जिलों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया गया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। गौठानों में वर्मीकम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य किये जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सारंगढ़ के छिन्द स्थित रीपा गौठान में दिशा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विविध कार्य किए जा रहे हैं। प्रस्तावित कार्यों में मशरूम यूनिट, सिलाई प्रशिक्षण यूनिट, वेल्डिंग मशीन यूनिट, बेकरी यूनिट, मिठाई बाक्स यूनिट, फ्लाईएश ईंट निर्माण यूनिट, दोना पत्तल यूनिट, मुर्रा मिल मशीन, चैन लिंकिंग एवं तार फेंसिंग का कार्य एवं गार्डनिंग का कार्य लिया जा रहा है। इसके अलावा गौठान में वर्किंग शेड की व्यवस्था है, साथ ही शिशु पालन कक्ष एवं प्रशिक्षण केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है।

दोना पत्तल यूनिट में कार्यरत स्व सहायता समूह की महिला सुखबाई रात्रे ने बताया कि रोजाना 60-70 पैकेट पत्तल वे अकेले तैयार कर लेती हैं, जिसे बाजार में ले जाकर थोक एवं खुदरा मूल्य में विक्रय किया जाता है। उन्होंने बताया कि वे रीपा योजना अंतर्गत गौठान में यह कार्य करते हुए बेहद खुश हैं, आय के एक स्त्रोत के साथ उन्हें गौठान में संचालित अलग-अलग कार्यों के बारे में जानने सीखने का अवसर भी मिलता है। गौठान में कार्यरत कृषि मित्र दिव्या ने बताया कि उन्हें यहाँ जिन कार्यों का प्रशिक्षण मिला है, उनके लिए यह निकट भविष्य में भी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की दिशा में मददगार साबित होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित की है। इससे स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक बदलाव लाने की दिशा में रीपा योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। निश्चित रूप से ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए शासन की यह योजना कारगर सिद्ध हो रही है।

## राष्ट्रीय रामायण महोत्सव : कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं एसएसपी सदानंद कुमार ने की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा

- रामलीला मैदान में तैयारियों का लिया जायजा



रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर रायगढ़ के रामलीला मैदान में 1 से 3 जून राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का विराट आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से जारी है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने आज कलेक्ट्रेट में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, नगर निगम कमिश्नर संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने आयोजन में मुख्य मंच, पंडाल व बैठक व्यवस्था को लेकर अब तक हुए कार्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए जल्द पूरी कर ली जाए। कार्यक्रम स्थल में बैठक के साथ पेयजल, वाहन पार्किंग, रामायण मंडलियों व विदेशी दलों के ठहरने व कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने संबंधी व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर हेल्थ काउंटर व मोबाईल मेडिकल यूनिट तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया। पूरे कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु कंट्रोल रूम गठित कर वहां पालियों में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने आयोजन के दौरान सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में की जा रही तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों के पार्किंग के लिए पृथक व्यवस्थाएं करने के लिए भी कहा। साथ ही आपातकालीन व्यवस्थाएं भी तैयार रखने के निर्देश दिए।

इस मौके पर एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एसडीएम खरसिया रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, उपायुक्त नगर निगम सुतीक्षण यादव, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रामलीला मैदान का लिया जायजा

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने सभी अधिकारियों को लेकर रामलीला मैदान का जायजा लिया। यहां उन्होंने मुख्य मंच, बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिथियों और कलाकारों के आगमन, मंचीय प्रदर्शन के दौरान की व्यवस्था को लेकर भी निर्देशित किया।

## थाने में रखे 3 साल पुराने विसरा व जब्त माल का चक्रधर नगर पुलिस ने किया नष्टीकरण



**रायगढ़।** पुलिस रेगुलेशन के मुताबिक पुराने, अनुपयोगी रिकॉर्ड, जप्तसुदा विसरा व अन्य समाग्रियों के विधिवत नष्टीकरण के प्रावधान हैं। थाने के मालखाना में अपराध व मर्ग से संबंधित जप्तसुदा माल का प्रतिवर्ष रिकॉर्ड मेंटेन करना थाना मोहर्रिर के लिये काफी परेशानी भरा होता है तथा काफी समय से रखे विसरा से दुर्गंध आने लगती है जिसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा क्राईम मीटिंग में सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अनुपयोगी रिकॉर्ड तथा जांच पूर्ण हो चुके मर्ग से संबंधित विसरा, जप्त माल का विधिवत नष्टीकरण के निर्देश दिए गए हैं जिसके अनुक्रम में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा वर्ष 2000 से वर्तमान समय तक जांच पूर्ण किए जा चुके 31 मर्ग से संबंधित विसरा, जप्त माल का थाने के पर्यवेक्षण अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय से फाइल किए गये मर्ग डायरियों के जप्त माल के नष्टीकरण के फाइल अग्रेषित कराते हुये आज डम्पिंग यार्ड में गढ्ढे में दबाकर विधिवत नष्टीकरण कराया गया है।

## रेड़ा गौठान में तीन महिला स्वसहायता समूह कर रही हैं उत्पादन



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी ''नरवा गरवा घुरूवा बारी कार्यक्रम'' अंतर्गत संचालित गौठानों में कई समूह अपने स्तर पर उत्पादन कार्य कर रही हैं। जिले के सारंगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रेड़ा के गौठान में जयश्री गणेश स्वसहायता समूह, बृंदा स्वसहायता समूह और रत्ना स्वसहायता समूह कार्य कर रही हैं। रेड़ा गौठान में वर्मी कम्पोस्ट का भंडारण केन्द्र भवन, वर्मी कम्पोस्ट शेड, सौर ऊर्जा से संचालित नलकूप और स्वच्छ भारत अंतर्गत शौचालय है।

जयश्री गणेश स्वसहायता समूह ने बाड़ी विकास कार्यक्रम अंतर्गत इस वर्ष गौठान में प्याज और आलू की खेती की थी। आलू-प्याज का उत्पादन अच्छा हुआ है, जिसका खुदरा विक्रय किया जा रहा है। जय गणेश स्वसहायता समूह की अध्यक्ष गणेश बाई पंकज ने बताया कि उनके समूह ने 3 लाख का ऋण लिया था। समूह ने अपने आमदनी से 2 लाख रूपए का भुगतान किया है और एक लाख का भुगतान शेष है।

बृंदा स्वसहायता समूह की अध्यक्ष कलावती खुंटे ने बताया कि उनके समूह ने वर्मी कम्पोस्ट का 177 बोरी वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन किया है, जिसे सहकारी समिति कोतरी में बेचा है। रत्ना स्वसहायता समूह की सचिव रत्ना सारथी ने बताया कि उनके समूह द्वारा 40 क्विंटल 40 किलो वर्मी कम्पोस्ट खाद को सहकारी समिति कोतरी में बेचा जा चुका है और वर्तमान में भी समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट के लगभग 165 बोरी का बिक्री किया जाना है। गोठान से सभी स्वसहायता समूह की महिलाओं और सदस्यों को अपने घर के कार्यों के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध हुआ है। गर्मी के दिनों में तालाब सूख गए हैं इसलिए नहाने के लिए भी बड़ी संख्या में ग्रामीण गौठान के नलकूप में आते हैं।

## कोर्स काउंसिलिंग और कार्यशाला कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी



सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी आज शासकीय आईटीआई सारंगढ़ द्वारा आयोजित प्रथम स्तर के कार्यशाला और कोर्स काउंसिलिंग कार्यक्रम में शामिल हुई। यह आयोजन जिले के भटगांव और सरिया आईटीआई में भी आयोजित की गई। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं को उनके स्वरोजगार के लिए कोर्स काउंसिलिंग और कार्यशाला में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने युवाओं को कौशल विकास कर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कहा। कार्यशाला में युवाओं को प्रशिक्षकों ने कोर्स करने के बाद संभावित रोजगार के अवसर की जानकारी दी।

कार्यशाला में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), छत्तीसगढ़ हर्बल्स, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार अंतर्गत कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित स्वयं के उद्यम या उद्योग स्थापना, ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण विकास योजना, कृषि यंत्र वितरण, पौनी पसारी योजना, राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना, कुक्कुट इकाई वितरण योजना, मत्स्य और मशरूम उत्पादन आदि के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर की जानकारी दी गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, वाणिज्य एवं उद्योग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से स्वरोजगार दी जाएगी। द्वितीय स्तर का कार्यशाला और कोर्स काउंसिलिंग कार्यक्रम 1 जून 2023 को होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 3050 युवाओं को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत हुआ है, जिनका कौशल विकास अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। इस अवसर पर रोजगार अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत सारंगढ़ अभिषेक बनर्जी सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

**सारंगढ़ में सारबिला अकादमी कोचिंग 1 जून से प्रारंभ**

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा सारबिला अकादमी निःशुल्क कोचिंग का 1 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगढ़ में यह कोचिंग सुबह और शाम दो पाली में संचालित होगी। केन्द्र के एसएससी और राज्य सरकार के व्यापमं और पीएससी द्वारा की जा रही भर्ती के मद्देनजर युवाओं को कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं का शासकीय सेवाओं में अधिम मात्रा में चयन किया जाना है। इच्छुक युवक-युवतियां विकासखंड शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ में आवेदन भेज सकते हैं। इस संबंध में सत्येंद्र बसंत से मो.नं. 7697763128 से संपर्क कर सकते हैं।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480